# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

वेब साइट :– www.gnscr.ac.in ई.मेलः– principal.npgcsr@gmail.com


क्रमांकः 2973/2025 रायपुर, दिनांक 14/5/25

## //परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी सूचना//

महाविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली स्नातक **(बी.एस–सी./बीसीए (NEP) द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून–2025 एवं बी.एस–सी. (Old Course) द्वितीय सेमेस्टर** मे सम्मिलित होने वाले **(नियमित/एटीकेटी)** हेतु पात्रतानुसार परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन पद्धति द्वारा महाविद्यालय के वेबसाईट www.gnscr.ac.in द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं ऑनलाइन शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है–

**A- आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि–**

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निर्धारित शुल्क के साथ (बिना विलंब शुल्क) | दिनांक 17.05.2025 से 23.05.2025 तक |
| 2 | निर्धारित शुल्क एवं विलंब शुल्क 100 रू. के साथ | दिनांक 24.05.2025 से 26.05.2025 तक |

**टीपः–** निर्धारित तिथि के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति नही दी जावेगी।

**B- परीक्षा शुल्क एवं प्रकिया शुल्क का विवरण–**

| कक्षा/परीक्षा का नाम | नियमित/भूतपूर्व | एटीकेटी | ऑनलाईन प्रकिया एवं अग्रेषण शुल्क |
|---|---|---|---|
| बी.एस–सी. द्वितीय सेमेस्टर **(NEP)** | रू. 1350/– | – | रू. 50/– |
| बीसीए द्वितीय सेमेस्टर **(NEP)** | रू. 1450/– | – | रू. 50/– |
| बी.एस–सी. **(Old Course) द्वितीय सेमेस्टर** | रू. 1350/– | रू. 700/–(एक प्रश्न पत्र)<br>रू. 1350/–(एक से अधिक प्रश्न पत्र) | रू. 50/– |

**C- आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का समय एवं स्थान–**

**समय**–कार्यालयीन दिवस मे **प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक।**

**स्थान**– महाविद्यालय के **छात्र शाखा** के काउन्टर मे।

**D- सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने हेतु निर्देशः–**

1. सेमेस्टर परीक्षा 2025 हेतु फार्म भरने का कार्य छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की वेबसाइट www.gnscr.ac.in के माध्यम से किया जावेगा।
2. सबसे पहले वेबसाइट www.gnscr.ac.in मे दिए गए लिंक से फार्म भरेंगे।
3. इसके लिए छात्र/छात्राऍ पंजीकृत मोबाइल नं. से Login करेंगे।
4. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने के बाद परीक्षा फार्म की कापी प्रिंट करके अपने पास रखेंगे।
5. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाईन फार्म भरने के समय आती हो, तो ईमेल info.onlineexamforms@gmail.com पर अपनी समस्या भेजकर समाधान कर सकते है।

**E- नियमित परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र भरने की पात्रता–**

सत्र 2024–25 मे **बी.एस–सी./बीसीए प्रथम सेमेस्टर** की परीक्षा मे जो छात्र/छात्राएँ उत्तीर्ण/प्रोन्नत हुए है, वे छात्र/छात्राएँ ही नियमित परीक्षार्थी के रूप मे परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन से भरने के लिए पात्र होंगे, यदि वे शेष अन्य आवश्यक शर्ते प्रावधानुसार पूरी करती हो।

**F- भूतपूर्व/एटीकेटी प्राप्त परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र भरने की पात्रता–**

यदि परीक्षार्थी **बी.एस–सी द्वितीय सेमस्टर** की सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2023–24 मे भूतपूर्व/एटीकेटी है तो वह भूतपूर्व/एटीकेटी परीक्षार्थी के रूप मे केवल अनुत्तीर्ण विषय मे ही परीक्षा मे सम्मिलित होंगें।

**G- अन्य जानकारी-**

1. NEP-20220 के अंतर्गत सत्र शैक्षणिक सत्र 2024–25 मे प्रवेशित छात्र/छात्राएँ अध्यादेश क्रं. 210 मे निहित प्रावधानानुसार निर्धारित विषय की परीक्षा मे सम्मिलित होंगे।
2. परीक्षा आवदेन पत्र भरते समय छात्र/छात्राएँ DSC अंतर्गत प्रवेशित विषय समूह का चयन करेंगें।
3. छात्र/छात्राएँ AEC अंतर्गत हिन्दी भाषा का चयन करेंगे।
4. परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र भरने के पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि वे प्रवेश के समय प्रदत्त ब्लू कार्ड मे DSC, AEC, GEC एवं SEC की प्रविष्ट स्पष्ट रूप से हो।
5. किसी भी परिस्थिति मे कोर्स के प्रकार मे परिवर्तन साथ मान्य नही होगा। ब्लू कार्ड एवं परीक्षा आवेदन पत्र मे कोर्स की भिन्नता पाये जाने पर आवेदन पत्र निरस्त की जा सकेगी, जिसकी जवाबदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
6. सत्र 2023–24 या उसके पूर्व **अनुचित साधन उपयोग वाले प्रकरण (UFM)** पर महाविद्यालय द्वारा परीक्षा से वंचित किए गये है तो उस अधिसूचना की सत्यापित प्रति जिसमे सत्र 2024–25 की सेमेस्टर परीक्षा मे सम्मिलित होने की पात्रता हो, तो इसे संलग्न करना अनिवार्य है।
7. ऑनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थीयों की यह स्वयं की जवाबदारी है कि वह अपना शैक्षणिक अॅकसूचियों/प्रमाणपत्रों की जानकारी दी है वह सही है तथा उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरते समय दी गई जानकारी भरे है, वह सही है, जानकारी असत्य पाये जाने पर यदि महाविद्यालय द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही की जाती है तो यह उनकी (आवेदन) जवाबदारी होगी। अतः वे इस बात की जानकारी रखें कि उसने सही जानकारी दी है।

परीक्षा नियंत्रक
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

प्रतिलिपिः–

1. समस्त विभागाध्यक्षों को छात्र/छात्राओं के मध्य प्रसारण हेतु।
2. लेखापाल, शास. नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)।
3. छात्र शाखा लिपिक, शास. नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)।
4. श्री टिकेन्द्र साहू को वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
5. सूचना पटल में चस्पा हेतु।

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

D:/ern bsc ist sem letter 2023